# 22 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

By **admin** - September 22, 2019

## 22 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (Current Affairs ) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

---

प्रश्न 1. फ्रांस के द्वारा हाल ही में भारत की वायुसेना को सोपे जाने वाले पहले राफेल लड़ाकू विमान का नाम किसके नाम पर रखा गया है?
क. एपीजी अब्दुल कलाम
ख. नरेंद्र मोदी
ग. सीवी रमण
**घ. आरकेएस भदौरिया**

**उत्तर:** घ. आरकेएस भदौरिया – हाल ही में फ्रांस के द्वारा हाल ही में भारत की वायुसेना को सोपे जाने वाले पहले राफेल लड़ाकू विमान का नाम अगले एयर चीफ आरकेएस भदौरिया के नाम पर रखा गया है. इस राफेल का नंबर आरबी-01 है. वर्ष 2016 में भारत ने फ्रांस के साथ 60,000 करोड़ रुपये में 36 राफेल खरीदने का समझोता किया था.

---

प्रश्न 2. कैंब्रिज एनालिटिका डेटा घोटाले के बाद किस कंपनी ने करीब 400 डेवलपरों से जुड़े हजारों एप को निलंबित कर दिया है?
क. ट्विटर
ख. माइक्रोसॉफ्ट
**ग. फेसबुक**
घ. अमेज़न

**उत्तर:** ग. फेसबुक – कैंब्रिज एनालिटिका डेटा घोटाले के बाद फेसबुक ने करीब 400 डेवलपरों से जुड़े हजारों एप को निलंबित कर दिया है. सोशल मीडिया कंपनी ने कहा है की ये सभी एप्प लोगों के लिए खतरनाक है या नहीं इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है. वे अभी भी टेस्टिंग फेस में थे और बहुत से एप्प काम नहीं कर रहे थे.

---

प्रश्न 3. भारत की किस राज्य सरकार ने हाल ही में तीसरी से लेकर आठवीं कक्षा तक संस्कृत भाषा को अनिवार्य कर दिया है?
क. दिल्ली सरकार
ख. केरल सरकार

ग. गुजरात सरकार

**घ. उत्तराखंड सरकार**

**उत्तर:** घ. उत्तराखंड सरकार – उत्तराखंड सरकार ने हाल ही में तीसरी से लेकर आठवीं कक्षा तक संस्कृत भाषा को अनिवार्य कर दिया है. दरअसल, उत्तराखंड राज्य में संस्कृत को दूसरी राजभाषा का दर्जा प्राप्त है. इस राज्य में लगभग सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों की संख्या 5000 है.

---

प्रश्न 4. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हाल ही में कितने वैज्ञानिकों को 2018 के राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार से सम्मानित किया है?

क. 12 वैज्ञानिकों

ख. 17 वैज्ञानिकों

**ग. 22 वैज्ञानिकों**

घ. 32 वैज्ञानिकों

**उत्तर:** ग. 22 वैज्ञानिकों – संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हाल ही में 22 वैज्ञानिकों को 2018 के राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार से सम्मानित किया है. इस वैज्ञानिकों को यह पुरस्कार भू-विज्ञान, खनन और संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है. सैयद नकवी को उत्कृष्टता का पुरस्कार और सोहिनी गांगुली को यंग साइंटिस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.

---

प्रश्न 5. भारत के किस शहर में स्कॉर्पीन क्लास की दूसरी पनडुब्बी आईएनएस 'खंदेरी' को लॉन्च किया गया है?

क. दिल्ली

**ख. मुंबई**

ग. जयपुर

घ. गोवा

**उत्तर:** ख. मुंबई – भारत के मुंबई में स्कॉर्पीन क्लास की दूसरी पनडुब्बी आईएनएस 'खंदेरी' को लॉन्च किया गया है. इस पनडुब्बी को मझगांव डॉक लिमिटेड शिपयार्ड पर आयोजित कार्यक्रम में हाल ही में लॉच किया गया. पनडुब्बी आईएनएस 'खंदेरी' अत्याधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह से लैस है.

---

India GK Questions Answers-(PART-7) | भारत जीके हिंदी प्रश्न उत्तर- (भाग-7)

---

प्रश्न 6. विदेशी धन प्राप्त करने वालों के लिए किसने हाल ही में विदेशी फंड नियमन कानून में बदलाव करने की घोषणा की है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. निति आयोग

ग. योजना आयोग

**घ. केंद्र सरकार**

**उत्तर:** घ. केंद्र सरकार – केंद्र सरकार ने हाल ही में विदेशी धन प्राप्त करने वालों के लिए विदेशी फंड नियमन कानून में बदलाव करने की घोषणा की है. विदेशी फंड प्राप्त करने वाले सभी गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सभी अधिकारियों तथा पदाधिकारियों को यह लिखित प्रमाण पत्र देना होगा.

---

प्रश्न 7. भारत की सीमाओं के इतिहास को नए सिरे से लिखने की योजना को किसने मंजूरी दे दी है?

क. रामनाथ कोविंद

**ख. राजनाथ सिंह**

ग. नरेंद्र मोदी

घ. रामविलास पासवान

**उत्तर:** ख. राजनाथ सिंह – भारत की सीमाओं के इतिहास को नए सिरे से लिखने की योजना को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंजूरी दे दी है. इस योजना के तहत देश की सीमाओं के इतिहास को कलमबद्ध किया जायेगा. इस योजना का उद्देश्य शहरों और ग्रामीण नागरिकों को देश की सीमांत क्षेत्रों की संस्कृति, इतिहास और मानव भूगोल के बारे में जागरूक करना है.

---

प्रश्न 8. हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार कौन सा दिवस मनाया है?

क. विश्व स्वास्थ्य दिवस

**ख. विश्व मरीज सुरक्षा दिवस**

ग. विश्व विज्ञानं दिवस
घ. विश्व गुलाब दिवस

**उत्तर:** ख. विश्व मरीज सुरक्षा दिवस – हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व मरीज सुरक्षा दिवस 17 सितंबर को पहली बार मनाया है. अब से हर वर्ष 17 सितंबर को विश्व भर में विश्व मरीज सुरक्षा दिवस मनाया जायेगा. इस दिन मरीजों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पुरे विश्व में अभियान चलाया गया.

---

प्रश्न 9. अफगानिस्तान के खिलाफ किस टीम के कप्तान हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सबसे अधिक व्यक्तिगत रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं?
क. ऑस्ट्रलिया क्रिकेट टीम
ख. श्रीलंका क्रिकेट टीम
ग. होन्ग-कोग क्रिकेट टीम
**घ. जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम**

**उत्तर:** घ. जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम – जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के कप्तान हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 42 गेंदों पर 71 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई. इस जीत के साथ हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सबसे अधिक व्यक्तिगत रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं.

---

प्रश्न 10. दक्षिण एशिया के लिए शांति और समृद्धि के लिए किस देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को डॉ. कलाम स्मृति अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
क. जापान
ख. चीन
**ग. बांग्लादेश**
घ. पकिस्तान

**उत्तर:** ग. बांग्लादेश – दक्षिण एशिया के लिए शांति और समृद्धि के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को डॉ. कलाम स्मृति अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. साथ ही इस पुरस्कार के द्वारा दोनों देशो के बीच सम्बन्ध मज़बूत होंगे. इस पुरस्कार को राजदूत टीपी श्रीनिवासन ने प्रधानमंत्री शेख हसीना को दिया है.

---

## HSSC CLERK 2019 All shift Paper (21.22.23 september 2019) – Download Pdf

/

/

**DOWNLOAD FROM HERE** – **Click Here**

**admin**